Reg. No. - 757

जन जीवक कल्याण संघ (RMP)

(ग्रामीण चिकित्सक)
सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संघ

प्रधान कार्यालय - आदर्श सेवा सदन बासोपट्टी, मधुबनी,
प्रदेश कार्यालय - मुहल्ला इन्दिरानगर रोड नं० 09 पोस्टल पार्क थाना-जक्कनपुर, जिला-पटना के अंतर्गत स्थित नाथ उत्सव हॉल वार्ड नं०-30
संपर्क नं०- 9470248593
www.jjksrmp.com

जन जीवक कल्याण संघ (RMP) ग्रामीण चिकित्सक मूल रूप से समाज के पिछड़े व कमजोर वर्गो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पहुँचाने के उद्येश्य से जन जीवक कल्याण संघ (RMP) अस्तित्व में आया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, टीका केन्द्र, प्रसव केन्द्र और अप्रशिक्षित ग्रामीण चिकित्सा कर्मियों के लिए प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना से लेकर संचालन तक ये संस्था कई स्तरों पर कार्य करती है। सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों से ग्रामीण चिकित्सकों को जोड़कर और उनकी जरूरतो व मांगो को सरकार तक पहुँचाकर ये संस्था एक पुल की भूमिका निभाती है। देश और दुनिया में स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो रहे नित नए शोधों व प्रयोगों से अपने सदस्यों को अवगत कराकर उनके द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए भी ये संस्था प्रतिबद्ध है।

दायरा :- प्रथम उपचार

FIRST AID

सरकार से हमारी माँगे-

1. ग्रामीण चिकित्सको के लिए झोला छाप डॉक्टर शब्द का प्रयोग अविलंब बंद किया जाय।
2. ग्रामीण चिकित्सको का प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्व घोषणा के मुताबिक किया जाय।
3. ग्रामीण चिकित्सको को प्राथमिक उपचार हेतु जरूरी दवा रखने का अधिकार दिया जाय।
4. ग्रामीण चिकित्सको को प्राथमिक उपचार हेतु नियोजित किया जाय एवं उन्हें स्वास्थ्य मित्र का दर्जा अविलंव दिया जाय।
5. स्वास्थ्य के अधिकार को भारतीय संविधान निहित मौलिक अधिकारों के श्रेणी में रखा जाय।

संघ सदस्यों के लिए आवश्यक बातें-

- संघ के नियमो का पालन करें।
- संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अवश्य भाग लें।
- सीमा के अन्दर प्रैक्टिस करें।
- एक दुसरे प्रैक्टिसनर की आलोचना न करें।
- संघ के साथ रहकर अपना प्रैक्टिस सुरक्षित करें।